

# पाठ 12 रेणुका झील

## अभ्यास हल सहित



**प्रश्न 1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिए गए शब्दों को पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ਮੰਦਰ | = | मंदिर | ਮੱਛੀ | = | मछली |
| ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ | = | चंडीगढ़ | ਤੀਰਥ ਸਥਾਨ | = | तीर्थ स्थान |
| ਝੀਲ | = | झील | ਝਰਨਾ | = | झरना |
| ਪੁਲ | = | पुल | ਪਹਾੜੀ | = | पहाड़ी |

**प्रश्न 2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा के शब्द दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखें।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ਕੁਦਰਤੀ | = | प्राकृतिक | ਧਰਤੀ | = | पृथ्वी |
| ਪਿੰਡ | = | ग्राम | ਰੁੱਖ, ਪੇੜ | = | वृक्ष |
| ਸੁਆਗਤ | = | स्वागत | ਮਨਾਹੀ | = | वर्जित |
| ਛਾਂ ਦੇਣ ਵਾਲੇ | = | छायादार | ਸੂਰਜ ਦਾ ਛਿਪਣਾ | = | सूर्यास्त |
| ਅਲੌਕਿਕ ਸ਼ਕਤੀ | = | दिव्य शक्ति | ਅਤੀ ਸੁੰਦਰ | = | सुरम्य |
| ਸਥਾਨ | = | स्थान | ਲੋਕ ਪ੍ਰਚਲਿਤ ਕਹਾਣੀ | = | दंतकथा |
| ਤਬਦੀਲ | = | परिणत | ਫੇਰੀ ਲਗਾਉਣਾ | = | परिक्रमा |

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखें:-**

(क) क्षितिज अपने माता-पिता और भाई के साथ कहाँ घूमने गया था?

उत्तर: क्षितिज अपने माता-पिता और भाई के साथ हिमाचल प्रदेश के सिरमौर ज़िले में रेणुका जी घूमने गया था।

(ख) श्री बालाजी सुन्दरी जी का मंदिर कहाँ पर है?

उत्तर: श्री बालाजी सुन्दरी जी का मंदिर हिमाचल प्रदेश के त्रिलोकपुर गाँव में है। जो काला अंब से छह किलोमीटर दूर है।

(ग) तालाबों का शहर किसे कहा जाता है?

उत्तर: तालाबों का शहर नाहन को कहा जाता है।

(घ) रेणुका जी किसकी माता थी?

उत्तर: रेणुका जी परशुराम जी की माता थी।

(ङ) रेणुका का मेला कहाँ आयोजित किया जाता है?

उत्तर: रेणुका का मेला रेणुका झील के किनारे आयोजित किया जाता है।

(च) पाँवटा साहिब गुरुद्वारे का संबंध किससे है?

उत्तर: पाँवटा साहिब गुरुद्वारे का संबंध श्री गुरु गोबिंद सिंह जी से है।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें:-**

(क) नाहन शहर की विशेषताएँ लिखें।

उत्तर: नाहन को तालाबों का शहर कहा जाता है। शिवालिक की पहाड़ियों में बसा यह शहर बहुत ख़ूबसूरत शहर है। यहाँ का रानी तालाब मंदिर बहुत प्रसिद्ध है। यह शहर समुद्र तल से 933 मीटर ऊँचा है। इस शहर में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च सब मौजूद हैं।

(ख) रेणुका जी से संबंधित दंतकथा लिखो।

उत्तर: हिमाचल प्रदेश में स्थित सबसे बड़ी प्राकृतिक झील रेणुका झील है। इस झील के संबंध में यह दंतकथा है कि यह झील परशुराम जी की माता रेणुका जी ही है। रेणुका जी ने अपने पति ऋषि यमदाग्नि के शाप के कारण एक झील का रूप धारण कर लिया था।

(ग) रेणुका झील की विशेषताएं लिखो।

उत्तर: रेणुका झील हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी प्राकृतिक झील है। इस झील का संबंध परशुराम जी की माता रेणुका जी से है। इसकी लंबाई 3241 मीटर है और यह समुद्र तल से 672 मीटर ऊँचाई पर है। यहाँ पर बच्चों के लिए एक चिड़ियाघर भी है। इस झील के किनारे प्रत्येक वर्ष नवंबर महीने में बहुत भारी मेला लगता है

(घ) पाँवटा साहिब गुरुद्वारे की जानकारी एकत्रित कर लिखें।

उत्तर: पाँवटा साहिब गुरुद्वारा हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह सिक्खों का एक प्रमुख धार्मिक स्थान है। यह यमुना नदी के तट पर बसा हुआ है। यह गुरुद्वारा बहुत ही सुंदर है। इस गुरुद्वारे में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी कई वर्षों तक रहे। पाँवटा साहिब गुरुद्वारा एक तीर्थ स्थान के रूप में माना जाता है।

## प्रश्न 5. उपयुक्त शब्द भरकर वाक्य पूरे करें:-

(क) *नाहन* को देश का शहर कहा जाता है।

(ख) नाहन को *तालाबों* का शहर कहा जाता है।

(ग) पूरा रास्ता *हरा-भरा और* घुमावदार था।

(घ) *रेणुका* झील हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी प्राकृतिक झील है।

(ङ) *पाँवटा साहिब* में गुरु गोबिंद सिंह जी कई वर्षों तक रहे।

(च) बच्चों के लिए यहां मिनी *चिड़ियाघर* है।

## प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें:-

| | |
|---|---|
| माता : मां, जननी | वर्षा : बारिश, बरसात |
| रात : रजनी, निशा | हवा : वायु, पवन |
| पेड़ : वृक्ष, तरु | फूल : सुमन, पुष्प |
| समुद्र : सागर, सिंधु | बादल : मेघ, जलद |

## प्रश्न 7. निम्नलिखित विपरीत शब्दों का मिलान करें:-

| | | |
|---|---|---|
| भीतर | अंत | बाहर |
| आरंभ | पूरी | अंत |
| शांति | वरदान | युद्ध |
| अधूरी | युद्ध | पूरी |
| शाप | बाहर | वरदान |

## प्रश्न 8. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें:-

(क) इस मंदिर का निर्माण राजा ने करवाया।

इस मंदिर का निर्माण रानी ने करवाया।



(ख) बंदर वृक्षों पर कूद रहा था।

बंदरिया वृक्षों पर कूद रही थी।

(ग) क्षितिज अपनी माता के साथ घूमने गया।

क्षितिज अपने पिता के साथ घूमने गया।

(घ) शेर चिड़ियाघर में विश्राम कर रहा था

शेरनी चिड़ियाघर में विश्राम कर रही थी ।

**प्रश्न 10. पाठ में से पाँच-पाँच व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा शब्द लिखें।**

व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द : चंडीगढ़, रेणुका, हिमाचल प्रदेश, क्षितिज, नाहन।

जातिवाचक संज्ञा शब्द : तालाब, शेर, शहर, गाँव, बादल।

भाववाचक संज्ञा : हरियाली, सौंदर्य, मज़ा, लंबाई, ऊंचाई।


## शिक्षा विभाग,पंजाब

(मार्गदर्शक डॉ॰ सुनील बहल, सहायक निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. पंजाब)

| | | |
|---|---|---|
| लेखन: डॉ.सुमन सचदेवा | संयोजक: दीपक कुमार | संशोधन: राजन, |
| हिंदी अध्यापिका, | हिंदी अध्यापक | हिंदी मास्टर |
| स.ह. स्कूल (लड़के) | स.मि. स्कूल मानवाला, | स.मि. स्कूल लोहारका |
| मंडी हरजीराम, मलोट। | बठिंडा । | कलां, अमृतसर |